प्रादेशिक समाचार

18.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

देश के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान आज रांची पहुंचे हैं। वे कल से रांची में आयोजित होने वाले डिफेंस एक्सपो ईस्ट टेक 2025 में शामिल होंगे। डिफेंस एक्सपो का आयोजन रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में होगा। इस आयोजन में देश की तीनों सेनाओं की ताकत और अत्याधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा।

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज रांची स्थित आवासीय कार्यालय में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी रांची के निदेशक प्रोफेसर राजीव श्रीवास्तव ने मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, कार्यक्रमों और गतिविधियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

*********************

प्रदेश भाजपा के सेवा पखवाड़े में भाग लेने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह आज रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से झारखंड समेत देशभर में सेवा के कई कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने जीएसटी दरों में कटौती कर देशवासियों को बड़ी सौगात दी है। श्री सिंह ने बाद में नामकोम में युवा मोर्चा की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।

*********************

हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भी सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पार्टी के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजकरण पांडेय ने बताया कि शिविर के जरिये थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों के लिए रक्त संग्रह किया जा रहा है।

*********************

सीसीएल की ओर से आज रांची में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना–पीएमआईएस के प्रशिक्षुओं के लिए कार्यशाला सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के वैसे युवाओं को एक मंच प्रदान किया गया, जो देश की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप कर रहे हैं।

*********************

निर्वाचन आयोग ने ईवीएम मतपत्रों को अधिक स्पष्ट और पठनीय बनाने के लिए मतपत्रों के डिज़ाइन और प्रिंटिंग के मौजूदा दिशा निर्देशों में संशोधन किया है। अब ईवीएम मतपत्र पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें प्रिंट की जाएँगी और फोटो के तीन–चौथाई हिस्से पर उम्मीदवार का चेहरा होगा, ताकि वह स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

*********************

सुप्रीम कोर्ट ने सारंडा वन क्षेत्र को आठ अक्तूबर तक सेंक्चुरी घोषित करने का आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि आठ अक्तूबर तक सारंडा को सेंक्चूरी नहीं घोषित नहीं होने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू की जायेगी।

*********************

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सरायकेला नगर पंचायत क्षेत्र में पौधरोपण किया गया। इस दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

*********************

उपराजधानी दुमका में उपविकास आयुक्त अनिकेत सचान ने स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने बताया कि अभियान के तहत कचरे के ढेर की साफ सफाई, सार्वजनिक स्थलों की सफाई सफाई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

*********************

सरायकेला–खरसावां पुलिस ने दुर्गा पूजा के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ एक बड़ा अभियान छेड़ रखा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर नीमडीह थाना क्षेत्र से पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब और अन्य सामान बरामद किया है। थाना प्रभारी संतन कुमार तिवारी ने बताया कि शराब के अवैध कारोबार के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

*********** समाप्त **********